प्रादेशिक समाचार
13.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. पश्चिम सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में खूंटी निवासी जवान सुनील कुमार धान हुए शहीद, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि।
2. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज रांची स्थित दशमफॉल जल प्रपात में भौगोलिक रूप से कठिन और दुर्गम इलाको में काम करने वाले बीएलओ के साथ करेंगे संवाद।
3. रांची व्यवहार न्यायलय स्थित एनआईए कोर्ट के जज को जान मारने और जेल ब्रेक की दी गई धमकी, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की जांच।
4. राज्य में छह जिलो को छोड़ आज भी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
5. जेएससीए अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में पलामू ने बोकारो को आठ विकेट से हराया।

*******************

झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में झारखंड जगुआर का एक जवान शहीद हो गया, जबकि कोबरा बटालियन का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद झारखंड जगुआर के जवान सुनील धान के निधन पर गहरा दुख जताया है। राज्यपाल ने कहा कि ईश्वर शहीद सुनील जी की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने सर्च अभियान में घायल एक अन्य जवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की। इधर पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा है कि झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ यह अंतिम लड़ाई है।

*******************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर है। वे आज रांची स्थित दशमफॉल जल प्रपात में भौगोलिक रूप से कठिन और दुर्गम इलाको में काम करने वाले बीएलओ के साथ संवाद करेंगे और उन्हें सम्मानित भी करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कल रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित गेस्ट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड में लोकत्रंत की जड़े मजबूत है।

*******************

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्यपालों द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजे गए राज्य विधेयकों पर राष्ट्रपति को तीन माह के भीतर फैसला करना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति महादेवन की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इसमें विलम्ब होने के वैध कारण को संबंधित राज्य के साथ साझा किया जाना चाहिए। पीठ ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के दस लंबित विधेयकों पर मंजूरी न देने के फैसले को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि राष्ट्रपति को भी राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेने में तीन महीने से अधिक समय नहीं लेना चाहिए। अगर निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो राज्यों को न्यायालयों में जाने का अधिकार है।

*******************

रांची व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित एनआइए कोर्ट के जज को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। साथ ही नक्सली संगठन के शीर्ष नेता रहे प्रशांत बोस और शीला मरांडी जो कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है उन्हें जेल से निकालने के लिए जेल ब्रेक की धमकी भी दी गयी है। आरोपियों ने यह धमकी एनआइए कोर्ट के जज को पत्र भेजकर दी है। मामले में कोतवाली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आदिकांत महतो की शिकायत पर कोतवाली थाना में चार संदिग्ध लोगों पर केस दर्ज किया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल से होने वाले दो दिवसीय झामुमो के महाधिवेशन की तैयारी का जायजा लिया। वह रांची के खेलगांव में होनेवाले महाधिवेशन की तैयारी देखने पहुंचे। मौके पर तैयारियों का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को आवश्यक निर्देश भी दिया। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

*******************

रांची जिले में गर्मी के दिनों में किसी भी प्रकार से पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार नजर आ रही है।

*******************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर में पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी कुमार शिवाशिष ने बताया कि इनके पास से 475 विनसेरेक्स कफ सिरप और 90 नाइट्रोसन टैबलेट बरामद की हैं।

*******************

सरायकेला टाटा मुख्य मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गहरी चोट आई है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल भेजा गया।

*******************

खूंटी जिला के मारंगहादा थाना पुलिस ने 11 अप्रैल को गाड़ामाड़ा के देशाऊली डोभा में एक हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपाधीक्ष खूंटी वरुण रजकने बताया कि 11 अप्रैल को जमीनी विवाद में डोभा में नहाने के क्रम में हथियार से वार कर हत्या की गई थी।

*******************

मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा और गुमला को छोड़कर बाकी जिलों में हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग की ओर से  येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने 15 अप्रैल को भी झारखंड में तेज हवा, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी दी है। पूरे राज्य में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यह बदलाव साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण हो रहा है। यह सर्कुलेशन मध्यप्रदेश, ओडिशा, बंगाल और झारखंड होते हुए बांग्लादेश की ओर बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में रांची का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा।

*******************

जेएससीए अंतर जिला अंडर–16 क्रिकेट टूर्नामेंट में कल पलामू ने बोकारो को आठ विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे बोकारो की टीम ने पलामू को 166 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में पलामू ने 35 ओवर 3 बॉल में महज दो विकेट खोकर 172 रन बना कर मैच जीत लिया।

*******************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के तीन दिवसीय झारखंड दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–कोर्ट के आदेश पर जीइएल चर्च को 26 वर्ष बाद अपनी जमीन पर मिला कब्जा।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–स्वास्थ्य विभाग का दिशा निर्देश बीमा राशि से संसाधनों को सुदृढ़ करे सरकारी अस्पताल।

दैनिक भास्कर लिखता है–दिल्ली में चली आंधी, 450 विमान लेट, रांची में भी बारिश, 18 से झारखंड में चलेगी लू।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–खूंटी के लोधमा में युवती की गोली मार कर हत्या।

******समाप्त*************